
# II. वित्तीय प्रदर्शन

## शुद्ध लाभ और परिचालन लाभ


वित्त वर्ष 2021 में शुद्ध लाभ 40.88% बढ़कर ₹20,410.47 करोड़ रुपये हो गया जबकि वित्त वर्ष 2020 में यह ₹ 14,488.11 करोड़ था। वित्त वर्ष 2021 के लिए आपके बैंक का परिचालन लाभ 5.02% बढ़कर ₹71,554.15 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2020 में ₹68,132.61 करोड़ रुपये था। (वित्त वर्ष 2021 में ₹1,539.73 करोड़ रुपये की और वित्त वर्ष 2020 में ₹6,215.64 करोड़ रुपये की असाधारण मद सहित)।




## शुद्ध ब्याज आय

वित्त वर्ष 2021 में शुद्ध ब्याज आय 12.87% बढ़कर ₹1,10,710.00 करोड़ रुपये हो गई जबकि वित्त वर्ष 2020 में यह ₹98,084.82 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2020 के कुल ब्याज आय ₹2,57,323.59 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2021 में ₹2,65,150.63 करोड़ रुपये हो गई, जिसमें 3.04% की वृद्धि दर्ज की गई।

कुल ब्याज खर्चों में वित्त वर्ष 2020 में ₹1,59,238.77 करोड़ रुपये से गिरावट दर्ज हुई जो वित्त वर्ष 2021 में ₹1,54,440.63 रहे। वित्त वर्ष 2021 के दौरान जमा पर ब्याज खर्च में पिछले वर्ष की तुलना में 3.37% की गिरावट दर्ज की गई।




## अन्य आय

वित्त वर्ष 2021 में अन्य आय (असाधारण मद को छोड़कर) 7.57% बढ़कर ₹41,956.64 करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2020 में ₹39,005.84 करोड़ रुपये थी।


## परिचालन व्यय

वित्त वर्ष 2020 में बैंक का परिचालन खर्च 9.95% बढ़कर ₹82,652.22 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 2020 में ₹75,173.69 करोड़ था।

## प्रावधान और आकस्मिकताएं

कुल प्रावधान और आकस्मिकता वित्त वर्ष 2020 के ₹53,644.50 करोड़ रुपये से घटकर वित्त वर्ष 2021 में ₹51,143.68 करोड़ रुपये हो गई। वित्त वर्ष 2021 में किए गए प्रमुख प्रावधान: गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों के लिए ₹27,244.35 करोड़ रुपये का प्रावधान (वित्त वर्ष 2020 में ₹42,775.96 करोड़ रुपये की थी) और निवेश अवमूल्यन वर्ष 2020 में 3,014.50 करोड़ रुपये (वित्त वर्ष 2020 में ₹538.55 करोड़ रुपये) का प्रावधान किया गया था।

31 मार्च, 2021 तक बैंक के सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात (एयूसीए सहित) का प्रावधान 87.75% (पिछला वर्ष 83.62%) है।




## आस्ति और देयताएं

मार्च 2021 के अंत में आपके बैंक की कुल संपत्ति 14.76% बढ़कर 45,34,429.63 करोड़ रुपये हो गई है, जो मार्च 2020 के अंत में 39,51,393.92 करोड़ रुपये थी। इस अवधि के दौरान, ऋण पोर्टफोलियो में 5.34% की वृद्धि हुई और वह ₹23,25,289.56 करोड़ रुपये से ₹24,49,497.79 करोड़ रुपये हो गया। निवेश ₹10,46,954.52 करोड़ रुपये से 29.11% बढ़कर ₹13,51,705.21 करोड़ रुपये हो गया। घरेलू बाजार में निवेश का एक बड़ा हिस्सा सरकारी प्रतिभूतियों में था।

आपके बैंक की कुल देनदारियां (पूंजी और आरक्षिती को छोड़कर) 15.09% तक बढ़ी और 31 मार्च तक ₹42,80,554.44 करोड़ रुपये हो गई जो 31 मार्च 2020 तक ₹37,19,386.49 करोड़ रुपये थी। 31 मार्च 2021 तक जमा राशि में 13.56% की वृद्धि हुई और ₹36,81,277.08 करोड़ रुपये हो गई जो 31 मार्च 2020 तक ₹32,41,620.73 करोड़ रुपये था। मार्च 2020 के अंत तक ₹3,14,655.65 करोड़ रुपये की तुलना में उधार में 32.62% की वृद्धि हुई जो मार्च 2021 के अंत तक ₹4,17,297.70 करोड़ रुपये रहा।

## आरक्षित और अधिशेष

6,123.14 करोड़ रुपये की राशि (वित्त वर्ष 2020 में ₹4,346.43 करोड़ रुपये की तुलना में) सांविधिक आरक्षित निधियों में अंतरित की गई। ₹1,465.12 करोड़ रुपये (वित्त वर्ष 2020 में ₹3,985.84 करोड़ रुपये) की राशि पूंजी आरक्षित निधियों में अंतरित की गई। वित्त वर्ष 2021 में ₹1,928.20 करोड़ रुपये की राशि (वित्त वर्ष 2020 में ₹1,119.88 करोड़ रुपये के मुकाबले) निवेश उतार-चढ़ाव आरक्षिति निधि को अंतरित की गई थी।

## लाभांश

आपके बैंक ने 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए @400% की दर से 4.00 प्रति शेयर लाभांश घोषित किया है।

## भारतीय लेखामानकों IND AS के कार्यान्वयन में प्रगति

प्रबंध निदेशक (दबावग्रस्त आस्ति, जोखिम एवं अनुपालन) की अध्यक्षता वाली संचालन समिति बैंक में भारतीय लेखामानकों के कार्यान्वयन की निगरानी कर रही है। आपका बैंक पहले से ही भारतीय लेखामानकों के कार्यान्वयन के लिए तैयार है। हालांकि बैंकों में भारतीय लेखामानकों का कार्यान्वयन आरबीआई ने अगली सूचना तक के लिए टाल दिया है।

